गौ भा.न

# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

## MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

**NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified**

पत्रांकः–रू0वि0 / रासेयो / 2026 / 809 – 816 दिनांकः–10.09.2026

सेवा में,

प्रबन्धक / प्राचार्य / प्राचार्या / कार्यक्रम अधिकारी,
विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

**विषयः–दिनांक 09 सितम्बर, 2026 से 08 अक्टूबर, 2026 तक 9वां राष्ट्रीय पोषण माह आयोजन संबंधी।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय के संलग्न पत्र संख्या स0 15–01 / रा0से0यो0 / क्षे. नि / लख / 2026–27 / 8577–8717, दिनांक 08 सितम्बर, 2026, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा दिनांक 09 सितम्बर, 2026 से 08 अक्टूबर, 2026 तक महिलाओं और बच्चों के पोषण संबंधी सुधार लाने पर ध्यान केंन्द्रित करतु हुए **09वें राष्ट्रीय पोषण माह** का आयोजन कर रहा है।

उक्त 9वाँ राष्ट्रीय पोषण माह 2026 **"हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी"** थीम पर आयोजित किया जाएगा, जिसका उदेश्य आंगनबाडी केन्द्रों को सामूहिक स्वामित्व प्रदान करते हुए बाल विकास के लिए पोषण, देखभाल और शुरूआती प्रोत्साहन हेतु आंगनबाडियों को समुदाय–नेतृत्व वाली कार्यवाही के केन्द्र में स्थापित करना है। इस पोषण माह के लिए निम्नलिखित विषयों (Themes) पर केन्द्रियों गतिविधियाँ प्रस्तावित हैं–:

1. आहार विविधता एवं पर्याप्त प्रोटीन (Dietary Diversity & Adequate Protein)
2. आंगनबाडी केन्द्रों पर ताजा गरम पका हुआ भोजन (Fresh Hot Cooked Meals-HCM at Anganwadi Centres)
3. सामुदायिक स्वामित्व एवं जवाबदेही (Community Ownership & Accountability)
4. बाल विकास के लिए पोषण और शुरूआती प्रोत्साहन (Nutrition and Early Stimulation for childhood Develo-pemnt)
5. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY): मातृ स्वास्थ्य हेतु नकद हस्तांतरण (Cash Transfers for Maternal Health)

अतः आपसे आग्रह है कि विश्वविद्यालय / महाविद्यालयों की रा0से0यो0 इकाईयों के स्वयंसेवकों के माध्यम से उपरोक्त गतिविधियों के अनुसार कार्यक्रम आयोजित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही आयोजित कार्यक्रम की आख्या / रिर्पोट (फोटोग्राफ्स, पेपर कटिंग एवं डाटा विवरण सहित) इस कार्यालय की ई–मेल आई0डी0 nssmjprubly@gmail.com, पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें, साथ ही आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों / गतिविधियों का My Bharat Portal पर Event Create भी अवश्य कराएं। इसका शुभारम्भ कार्यक्रम दिनांक 9 सितम्बर, 2026 को प्रातः 11:00 बजे से वेबकास्ट के माध्यम से लाइव प्रसारित किया जाएंगा। वेबकास्ट को https:webeast.gov.in/mwed पर देखा जा सकता है।

संलग्न–यथोक्त।

भवदीय

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजन

प्रतिलिपिः–

1. क्षेत्रीय निदेशक महोदय, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय केन्द्रीय भवन आठवाँ तल, हाल न0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज लखनऊ, के संज्ञानार्थ। 226024
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी महोदया, रा0से0यो0को0, उच्च शिक्षा विभाग, कक्ष संख्या–55, बहुखण्डी भवन, तृतीय तल, सचिवालय, उ0प्र0 शासन लखनऊ, के संज्ञानार्थ। 226001
3. कुलसचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी महोदय, बरेली परिक्षेत्र को शासन के निर्देशों के दृष्टिगत आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. प्रभारी मीडिया, समचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
7. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

कार्यक्रम समन्वयक 10.9.26
राष्ट्रीय सेवा योजना